# ओपीए अभिभावक की भूमिका

## लोक अधिवक्ता आपके परिवार के सदस्य के अभिभावक हैं

वीसीएटी ने आपके परिवार के सदस्य (या मित्र) के अभिभावक के रूप में लोक अधिवक्ता को नियुक्त किया है। नियुक्त करने का मतलब है कि वीसीएटी ने लोक अधिवक्ता को चुना है।

ये अभिभावक आपके परिवार के सदस्य को निर्णय लेने में सहायता देंगे। निर्णयों का अर्थ विकल्प से है। उदाहरण के लिए, इनके बारे में विकल्प कि आपके परिवार के सदस्य कहाँ रहते हैं, उनसे कौन मिल सकता है, उन्हें कौन सी सेवाओं की आवश्यकता है। अगर वे ये निर्णय नहीं ले सकते हैं, तो अभिभावक उनके लिए निर्णय लेंगे।

## ओपीए अभिभावक

हमें **लोक अधिवक्ता कार्यालय (Office of the Public Advocate)** कहा जाता है। इस तथ्य पत्रक में हम स्वयं को ओपीए कहते हैं।

ओपीए के लिए कार्य करने वाला कोई व्यक्ति आपके परिवार के सदस्य का अभिभावक होगा।

ओपीए की ओर से अभिभावक:

- आपके परिवार के सदस्य को अपने निर्णय लेने में सहायता देंगे, यदि वे सहायता के साथ निर्णय लेने में सक्षम हैं
- आपके परिवार के सदस्य के लिए निर्णय लेंगे, यदि वे स्वयं निर्णय नहीं ले सकते हैं
- आपके परिवार के सदस्य को दुर्व्यवहार से सुरक्षित रखने में सहायता करेंगे
- ईमानदार बने रहेंगे और कड़ी मेहनत करेंगे
- अपना काम करते समय सावधानी बरतेंगे
- आपके परिवार के सदस्य की जानकारी को निजी रखेंगे
- यह सुनिश्चित करेंगे किए इसमें उनके लिए **हितों का टकराव** नहीं है।
  इसका अर्थ है कि स्वयं उनके हितों के कारण आपके परिवार के सदस्य की ओर से लिए गए किसी भी निर्णय पर प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

# निर्णय लेना

निर्णय लेते समय अभिभावक:

- इस बात की जांच करेंगे कि वीसीएटी ने कहा है कि उनके पास निर्णय लेने की अनुमति है
- आपके परिवार के सदस्य को निर्णय लेने में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे
- आपके परिवार के सदस्य को यह बताने के लिए प्रोत्साहित करेंगे कि वे क्या चाहते हैं
- आपके परिवार के सदस्य के इच्छित निर्णय लेने की कोशिश करेंगे, बशर्ते उन्हें बुरी तरह से कोई शारीरिक नुकसान न हो।

अगर अभिभावक यह पता लगाने में असमर्थ हैं कि आपके परिवार के सदस्य क्या चाहते हैं, तो वे उन्हें स्वस्थ और खुश रहने में समर्थन देने वाले निर्णय लेने की कोशिश करेंगे। वे आपके परिवार के सदस्य के जीवन में महत्वपूर्ण बातों के बारे में सोचेंगे। उदाहरण के लिए, उनके मित्र या परिवार, उनका समुदाय और वे कौन सी भाषा बोलना पसंद करते हैं।

# और अधिक जानकारी के लिए

ओपीए को 1300 309 337 पर फोन करें।

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कॉल करते समय हमें बताएँ।

Hindi